बिहार सरकार
उद्योग विभाग
राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद् सचिवालय

पत्रांक– 	दिनांक–.......................

......

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं0 ह0)
बिहार, पटना

**विषयः– वित्तीय वर्ष 2025–26 में खाद्य प्रसंसकरण प्रक्षेत्र की समेकित विकास योजना 2008 के अंतर्गत माननीय उच्च–न्यायालय, पटना में दायर याचिका सी0डब्लू0जे0सी0संख्या–422/2025, मेसर्स गौरव फूड्स एण्ड कूल कनेक्सन प्रा0 लि0, पटना बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के पत्रांक–456/पटना, दिनांक–16.02.2026 के आलोक में चतुर्थ किस्त की अनुदान राशि ₹ 23.34 लाख (तेईस लाख चौतिस हजार रूपये) मात्र के पूंजीगत अनुदान की स्वीकृति के संबंध में।**

**आदेशः–स्वीकृत।**

**महाशय,**

खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, उद्योग विभाग, बिहार पटना के सं0सं0–DFP/F1-01/2011 के माध्यम से माननीय न्यायलय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में विभागीय पत्रांक–456/पटना, दिनांक–16.02.2026 के माध्यम से निर्गत पत्र के आलोक में इकाई मेसर्स गौरव फूड्स एण्ड कूल कनेक्सन प्रा0 लि0, पटना को वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतर्गत **कुल** ₹ 23.34 लाख (तेईस लाख चौतिस हजार रूपये) मात्र के पूंजीगत अनुदान की स्वीकृति निम्न शर्तों के साथ प्रदान की जाती हैः–

**(i)** किसी स्तर पर अनुदान की गणना करने में त्रुटि पाए जाने पर भुगतेय अनुदान की राशि की वसूली नियमानुकूल की जायेगी।

**(ii)** प्रोत्साहन प्राप्त करने हेतु अगर कोई गलत सूचना दी जाती है अथवा ऐसी इकाई के लिए प्रोत्साहन प्राप्त किया जाता है जो योग्य नहीं थे, अथवा इस नीति के किसी शर्त्त के उल्लंघन करने पर प्रोत्साहन राशि के साथ ही 18% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज के साथ वसूल की जाएगी। विदित समय में भुगतान नहीं करने पर राज्य सरकार भू–राजस्व की भाँति सूद सहित बकाये की वसूल करेगी।

2. उक्त राशि का व्यय विभागीय राज्यादेश ज्ञापांक–2505, दिनांक–04.09.2025 के आलोक में मुख्य शीर्ष–2852–उद्योग, उप मुख्य शीर्ष–80–सामान्य, लघु शीर्ष–102–औद्योगिक उत्पादकता, माँग संख्या–23, उप शीर्ष– 0160– प्री–प्रोडक्शन एवं पोस्ट प्रोडक्शन सुविधाओं की योजना, विपत्र कोड–23–2852801020160 के अंतर्गत विषय शीर्ष– 0160.33.01 सब्सिडी मद में चालू वित्तीय वर्ष **2025–26** में उपबंधित राशि से की जाएगी।

3. उक्त स्वीकृत राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सहायक उद्योग निदेशक (लेखा), उद्योग निदेशालय, बिहार, पटना होंगे तथा इसके नियंत्री पदाधिकारी, उद्योग निदेशक, बिहार, पटना होंगे।

4. इस राशि की निकासी नया सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से होगी।

5. इस राशि की निकासी पूर्व प्राप्ति रसीद पर बी0 टी0 सी0 फार्म–25 पर की जाएगी।

6. इस राशि का भुगतान मेसर्स गौरव फूड्स एण्ड कूल कनेक्सन प्रा0 लि0, पटना को उनके एच0डी0एफ0सी0 बैंक के खाता संख्या–50200049944572, IFSC Code- HDFC0002515 में CFMS के माध्यम से की जाएगी।

7. प्रस्ताव पर सचिव उद्योग विभाग, बिहार पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
उद्योग निदेशक
–सह–
सदस्य सचिव, एस0आई0पी0बी0,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– SIPB/602 	दिनांक– 20/02/26

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, नया सचिवालय, विकास भवन, बिहार, पटना/ सहायक उद्योग निदेशक (लेखा), उद्योग निदेशालय, बिहार, पटना / आई0 टी0 प्रबंधक, उद्योग विभाग, बिहार, पटना / मेसर्स गौरव फूड्स एण्ड कूल कनेक्सन प्रा0 लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19.02.20

उद्योग निदेशक
–सह–
सदस्य सचिव, एस0आई0पी0बी0,
बिहार, पटना।